हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 सितंबर 2025

06 क्या हिन्दू, क्या मुस्लिम, नपा में सभी धर्मों ने एक साथ...



09 पंजाब से आए हरपाल और गुरदीप श्योपुर को दिलाएंगे...













# "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" मंगलमूर्ति की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही पिछले दस दिनों से चल रहे गणेशोत्सव पर्व का समापन हुआ। उत्सव के समापन दिवस पर श्रद्धालुओं ने पंडालों में स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं के चल समारोह निकालकर विधि-विधान से विसर्जन किया। इस अवसर पर घरो में भी भगवान श्रीगणेश और अनंत का पूजन हुआ तथा घर के सदस्यों ने अनंत धारण किए। प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सुबह से ही चल समारोह निकलना शुरू हो गए जो रात तक जारी रहे। शहर के सभी इलाकों में दिन भर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की धूम रही। सुबह से दोपहर तक छोटी प्रतिमाओं के चल समारोह निकाले गए। जैसे-जैसे शाम होती गई शहर की बड़ी प्रतिमाएं भी चल समारोह में शामिल होती गईं। कई भव्य प्रतिमाओं के साथ आकर्षक झांकियां भी सजाई गईं। झांकी और चल समारोह को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ कटरा ले जाया गया। जहां पर प्रतिमाओं के दर्शनों का श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। लेहदरा नाका स्थित बड़ी नदी, चितौरा और ढाना स्थित बेबस नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया जहां पर श्रद्धालुओं ने विसर्जन के पूर्व प्रतिमाओं का विधि-विधान से पूजन किया। वहीं बड़ी संख्या में ऐसे श्रद्धालु भी रहे जो प्रतिमाओं को नर्मदा नदी में विसर्जित करने के लिए बरमान ले गए। शहर के मुख्य स्थानों पर वर्षों की परंपरानुसार विराजित की गई विशाल प्रतिमाओं का कटरा बाजार होते हुए चल समारोह निकाला गया जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया तथा गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाए। बड़ा बाजार, कटरा, गोपालगंज, मोतीनगर, कृष्ण गंज वार्ड और अन्य स्थानों पर स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं अंतिम दिन विशेष पूजन हुआ तथा चल समारोह के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। चल समारोह और विसर्जन कार्यक्रम के दौरान शहर की सडक़ों पर भक्ति भावना दिखाई दे रही थी।



## गढ़ाकोटा में जल विहार के लिए निकले भगवान

**गढ़ाकोटा ।** अनंत चतुर्दशी पर्व प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गढ़ाकोटा नगर के प्रतिष्ठित मंदिरों के भगवान जल विहार के लिये निकले। जिसमें सराफा मंदिर,अग्रवाल मंदिर,नेमा समाज के भगवान विमानो मे विराज कर गाजे-बाजे, शंक, झालर के साथ नगर के मुखर्जी चौक, अस्पताल चौराहा, रुई बाजार, पाठक मार्केट होते हुए प्रमुख मार्गो से छोटे पुल के पास बनिया घाट पहुंचे जहां विमानों में विराजमान भगवान का जलविहार कर पूजा अर्चना की गई साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सोनी समाज अग्रवाल समाज एवं नेमा समाज के बडी संख्या मे लोग उपस्थित थे। साथ ही गढाकोटा थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे सहित पुलिस विभाग का विशेष सहयोग रहा ।

## खबर संक्षेप

### शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

**रहली।** शिक्षक दिवस के अवसर छात्र छात्राओं ने शिक्षकजनों का श्रीफल एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया । सभी शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना कि एवं आर्शीवाद दिया । छात्रसंघ पूर्व सचिव अरुण पटेल ने कहा शिक्षक ही हमारे जीवन के सबसे अहम गुरु होते हैं, जो हमें भविष्य में सही रास्ता दिखाते है। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉप उपस्थित रहा।

### डिस्ट्रिक प्रोसेस लैब आज से

**सागर।** ब्लाक मास्टर ट्रेनर्स [बीएमटीएस] हेतु तीन दिवसीय डिस्ट्रिक प्रोसेस लैब का आयोजन दिनांक (आवासीय) प्रशिक्षण कार्यशाला/ 7, 8 एवं 9 सितम्बर तक जिला मुख्यालय सागर पर स्थान होटल क्राउन पैलेस मकरोनिया रोड सागर में प्रात 9:00 बजे से सांय 6:00 बजे तक शासन निर्देशानुसार किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभांरभ कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा आज को प्रातः 10:00 बजे किया जायेगा।

### लोकसेवा केंद्रों को निजी कार्यालय की तर्ज पर किया जाएगा अपडेट

**सागर।** जिले के सभी लोकसेवा केंद्रों को निजी कार्यालय कॉरपोरेट ऑफिस की तर्ज पर अपडेट किया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर ने लोक सेवा केंद्र की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में लोक सेवा केंद्र के माध्यम से तीन दर्जन से अधिक सेवाओं का प्रदान करने का कार्य किया जाता है और इसमें जिले की सभी युवा, युवतियों, वरिष्ठ, वृद्ध, दिव्यांग व्यक्ति अपनी कार्यों के लिए आते हैं उनका समय पर एवं सुगमता से सभी कार्य समय पर हो सकें इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किया जावे। उन्होंने संयुक्त कलेक्टर शर्मा को निर्देशित किया कि वह लगातार लोक सेवा प्रबंधन के साथ सभी लोक सेवा केन्द्रों का निरीक्षण करें एवं जिन लोक सेवा केंद्र की स्थापना ठीक नहीं है उनको अन्यत्र अपडेट किया जाए उन्होंने कहा कि लोकसेवा केंद्र के मुख्य द्वार पर शुल्क से संबंधित बड़े अक्षरों में जानकारी चस्पा की जावे। आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जिसमें बैठने के लिए बेंच, पानी के लिए वाटर कूलर, पंखा कूलर शौचालय ,सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। उन्होंने कहा कि सभी लोकसेवा केंद्र पर कार्य करने वाले र्मचारियों की ड्रेस कोड भी तैयार कर रखें जिससे कि दूर से सभी की पहचान की जा सके साथ में सभी कर्मचारियों के पास पहचान पत्र भी लगा हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। नकलों छाया प्रतियों के आवेदन भी लोकसेवा केंद्र में लिए जावे और उनमें ली जाने वाली फीस की जानकारी उनके आवेदन की रसीद पर मुख्य पृष्ठ पर अंकित रहे।




## सांदीपनि विद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

रहली। सांदीपनि विद्यालय रहली में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान मे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए ।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि गणों द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई,छात्र उदित नारायण पुराणी एवं अनंत तिवारी द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।विद्यालय के पूर्व छात्र छात्राओं द्वारा भी सभी शिक्षकों का तिलक लगाकर एवं मिष्ठान्न खिलाकर स्वागत सम्मान किया गया। विद्यालय के प्राथमिक, माध्यमिक एवं हॉयर सेकेंडरी विंग के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गायन, नाटिका, भाषण, गीत एवं कविता आदि की श्रेष्ठ प्रस्तुतियां दीं गई। सांदीपनि विद्यालय परिवार रहली द्वारा समस्त अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन गोविन्द सिंह ठाकुर एवं छात्रा शचि गुरु ने किया आभार प्रदर्शन संस्था प्रभारी प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व प्राचार्य विजय कुमार पचौरी एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर संजय तिवारी, विजय सिंह उपस्थित रहे।




## जिला स्तरीय विज्ञान वैदिक गणित मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को पुरस्कृत किया

**गढाकोटा ।** महाकौशल प्रांत के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान वैदिक गणित मेला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष संगीता तिवारी के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहनों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शाला व्यवस्थापक मनोज तिवारी, विभाग समन्वयक राजकुमार ठाकुर, वैदिक गणित सह प्रांत प्रमुख हरिराम प्रजापति, विभाग विज्ञान प्रमुख रुचि मिश्रा, जिला विज्ञान प्रमुख रश्मि पटैरिया, जिला वैदिक गणित प्रमुख जितेंद्र पटेल, समिति सहसचिव शमिक शर्मा, प्राचार्य, प्रधानाचार्य के साथ साथ आचार्य एवं भैया बहनों की उपस्थिति रही।

# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सागर जिले को मिला प्रदेश में द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




किलकारी और मोबाइल अकादमी से सही समय पर सही जानकारी और प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा में उत्कर्ष कार्य किया है जिससे मे सागर जिला मध्य प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने सफल रहा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सी एम एच ओ डॉ ममता तिमोरि को सम्मानित किया साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य अमले को किया सम्मानित गया। ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार लगातार मातृ एवम शिशु स्वास्थ्य पर लगातार पुरजोर बेहतरीन प्रयास कर रही है इसी प्रक्रिया में ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को शून्य करने के प्रयास किये जा रहे। इसी कार्यक्रम में सागर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है । डॉ ममता तिमोरी एवं उनकी आशा प्रोग्राम टीम ने लगातार प्रशिक्षण भृमण और जागरूकता रखते हुए जिले को प्रदेश में द्वितीय स्थान दिलाया। डॉ ममता स्वयं ही लगातार सघन भृमण निरीक्षण कर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को चाक -चौबंद करने में दिन रात मेहनत कर रही है परिणामस्वरूप जिले में स्वास्थ्य सेवाएं लगातार बेहतर हो रही है। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरी को पुरस्कृत किया गया सागर ने संपूर्ण मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान पर अपनी आशा कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया ग्वालियर प्रथम स्थान पर रहा। यह कार्यक्रम आशा कार्यकर्ताओं के ज्ञान, संचार कौशल एवं आत्म विश्वास को सुदृढ़ करता है। यह सेवा 14424 नंबर के माध्यम से कहीं भी, कभी भी सुलभ है।

## अगले बरस जल्दी आने के विश्वास पर भक्तों ने दी गणपति बप्पा को विदाई

**रहली।** गणेश उत्सव के दस दिनों तक चली धूम के बाद शनिवार को गणपति बप्पा को विदाई दी गई। रहली नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भक्त बड़ी संख्या में प्रतिमा विसर्जन के लिए सुनार नदी तट पर पहुंचे। गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ नाचते-गाते हुए भक्त विसर्जन स्थल तक पहुंचे। श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमाओं को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों में रखकर शोभायात्रा निकाली। इस दौरान 'गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारे गूंजते रहे। विसर्जन के समय नदी तट पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने नम आंखों से बप्पा को अंतिम विदाई दी और अगले साल फिर से आने की प्रार्थना की। विसर्जन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस और नपा प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। नदी तट पर पुलिस बल तैनात था और गोताखोरों की टीम भी मौजूद थी। प्रशासन ने लोगों से गहरे पानी में जाने से मना किया और सुरक्षित तरीके से विसर्जन करने की अपील की। विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नपा अध्यक्ष देवराज सोनी, एसडीएम, कुलदीप पाराशर, एसडीओपी प्रकाश मिश्रा, सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी नगरपालिका प्रशासन मौके पर मौजूद रहा।

## आज शहर की जल सप्लाई प्रभावित रहेगी

**सागर।** नगर निगम जलप्रदाय शाखा द्वारा जानकारी दी गई है कि 7 सितंबर दिन रविवार को राजघाट जल आवर्धन परियोजना को विद्युत आपूर्ति करने वाले 132 केवीए उपकेंद्र का विद्युत मंडल द्वारा मरम्मत कार्य किया जा रहा है। मरम्मत कार्य किए जाने के कारण सुबह विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी, जिस कारण 7 सितंबर को सुबह की पाली की सप्लाई ही हो पायेगी, 7 सितंबर की शाम को टंकियों से होने वाली सप्लाई पूरे शहर में प्रभावित रहेगी इसलिए 7 सितंबर को सुबह की जलसप्लाई होने के पश्चात जिन स्थानों पर पेयजल सप्लाई नहीं हो पाएगी उन स्थानों पर 8 सितंबर दिन सोमवार को पेयजल सप्लाई की जाएगी।




## नगर निगम द्वारा विसर्जन स्थल लेहदरा नाका पर स्वच्छता को लेकर की गई सभी व्यवस्थाएं

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम के अधिकारियों ने श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु लेहदरा नाका स्थित बड़ी नदी पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ ही स्वच्छता रखने के लिए तैयारी की है। श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के पूर्व फूल-मालाएं एवं अन्य सामग्री को एकत्रित करने के लिए डस्टबिन रखवाई गई है जिनमें पूजन की सामग्री एकत्रित कर ट्रेक्टर ट्राली में डाली जा रही है। प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु हाईड्रा मशीन, नाव, वोट लगाई गई है। निगमायुक्त के निर्देशानुसार विसर्जन स्थल पर प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई,चूना लाईन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने सभी अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि श्री गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो तथा फूल-मालाएं एवं अन्य सामग्री नदी के घाटों पर न डाली जाए,उसे डस्टबिन में ही एकत्रित करवाएं तथा एकत्रित की गईं फूल मालाओं व अन्य सामग्री को स्वसहायता समूह को दें जिससे इस सामग्री का पुनः उपयोग कर नये उत्पाद बनाए जा सकें। निगमायुक्त ने प्रतिमाओं के विसर्जन समाप्त होने तक नगर निगम के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है ।इसके साथ ही नगर निगम द्वारा संजय ड्राइव, चकराघाट, गुलाब बाबा मंदिर के पास एवं लेहदरा नाका घाट पर प्रतिमाओं को एकत्रित करने के लिए ट्रेक्टर -ट्राली लगाई हैं ।



## विधायक शैलेंद्र जैन एवं निगम अध्यक्ष ने किया कृत्रिम कुंड विसर्जन स्थल का निरीक्षण

**सागर।** नगर में गणेश चतुर्थी महोत्सव के समापन अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के साथ प्रतिवर्ष अनुसार नगर निगम द्वारा बनाए गए कृत्रिम श्री गणेश विसर्जन कुंड पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु पधारे श्रद्धालुओं के साथ भगवान श्री गणेश जी का पूजन-अर्चन कर उन्हें विसर्जित किया। विधायक जैन ने कहा कि नगर निगम द्वारा कृत्रिम विसर्जन कुंड का निर्माण करना एक सराहनीय पहल है, जिससे जल स्त्रोत प्रदूषण से सुरक्षित रहेंगे और पर्यावरण की रक्षा भी होगी। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि सभी लोग प्रतिमाओं का विसर्जन इन्हीं कृत्रिम कुंडों में करें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें। नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने भी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में जगह-जगह ऐसे कुंड बनाए गए हैं, ताकि आमजन को सुविधा मिले और धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण का भी संरक्षण हो सके। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे जिन्होंने उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान श्री गणेश जी का पूजन कर विसर्जन किया। सभी ने विधायक जैन और नगर निगम की इस कार्य की सराहना की।

### सागर, दमोह के 79 ग्रामों में शुरू हुआ डाक विभाग का अभियान

# विकसित भारत का लक्ष्य साकार करेगा अंत्योदय आदर्श ग्राम अभियानः महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर डाक संभाग द्वारा सागर एवं दमोह जिले के 79 ग्रामों के प्रत्येक व्यक्ति को डाक विभाग की योजनाओं से जोड़ने के लिए एक अभिनव पहल के तहत शुरू किए गए अंत्योदय आदर्श ग्राम अभियान का शुभारंभ पदमाकर सभागार में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कलश पूजन कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि स्वतंत्रता के 79 वर्ष पूर्ण होने पर सागर डाक संभाग द्वारा सागर एवं दमोह के 79 ग्रामों के लोगों को डाक विभाग की योजनाओं से जोड़ने की पहल पं. दीनदयाल उपाध्याय के विशेष सामाजिक सुधार अंत्योदय की अवधारणा पर आधारित एक सराहनीय कार्यक्रम है। उन्होंने कहा यह अभियान न केवल ग्रामों की तस्वीर बदलने वाला होगा बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को सफल करने में भी साकार होगा। उन्होंने कहा कि समय के साथ डाक विभाग में कई बदलाव हुए हैं और इस विभाग का अपनापन ही है जो लोगों का विश्वास इस पर कायम है। डाक विभाग लोगों के वित्तीय हितों को ध्यान में रखते हुए उनके जीवन को बदलने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के कर्मचारियों को डाक विभाग की योजनाओं से जोड़ा जाएगा।




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डाकघर प्रवर अधीक्षक अनिल कुमार आरख ने कहा कि सागर, दमोह के 79 ग्रामों तक डाकघर की योजनाएं पहुंचाने का लक्ष्य है। अब यह ग्राम भी देश की मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि डाक सेवा, जन सेवा का भाव लेकर हम सामाजिक उत्थान में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। सहायक अधीक्षक विनय श्रीवास्तव ने कहा कि डाक विभाग जन हितेषी अनेक योजनाओं के रूप में प्रासंगिक हो गया है और सिंगल विंडो के माध्यम से लोगों को लाभान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय डाक एक विभाग नहीं बल्कि लोगों को जोड़ने वाला एक नेटवर्क है जिसमें सबसे ज्यादा युवा जुड़े हुए हैं।

अंत्योदय ग्राम अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने हितग्राही बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि खाता की पासबुक भेंट की। डाक जीवन बीमा योजना के तहत राजकुमार सुधा को चैक, समूह सुरक्षा बीमा योजना के तहत दस लाख का चैक योगेश कौशल एवं ढाई लाख का चैक पवन को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ पचौरी ने किया। आभार उप संभागीय निरीक्षक नितिन कांत खरे ने माना। इस अवसर पर एसडीआई राजेन्द्र प्रजापति, जेपी सूत्रकार, युवा नेता सूर्यांश तिवारी सहित सागर, दमोह के ग्रामीण क्षेत्रों से आए डाक सहायक, डाकपाल बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अनंत चतुर्दशी पर एकरूपता व धूमधाम से हुआ गणेश विसर्जन का आयोजन

# क्या हिन्दू, क्या मुस्लिम, नपा में सभी धर्मों ने एकसाथ किया मंत्रोच्चार के साथ हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नगर पालिका कार्यालय से एक ऐसी सुंदर व एकरूपता की फोटो सामने आई है जिसमें सभी धर्मों के रीति रिवाजों का सम्मान करने, उनमे भाईचारे के साथ कंधे से कंधे मिलाकर सहयोग करने और एक दूसरे की खुशियों में बराबरी से शामिल होने का मजबूत संदेश दिखाई दे रहा है। इससे बड़ा और मजबूत संदेश क्या होगा कि नगर पालिका में गणेश विसर्जन से पूर्व किये गये हवन में सभी धर्मों के लोगो ने मंत्रोच्चार के साथ विधिवत हवन किया। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया सहित सभी पार्षदगण शामिल रहे। नगर पालिका में मौजूद पार्षदो में हिन्दू और मुस्लिम दोनों धर्मों को मानने बाले लोग थे। जो उन राजनैतिक पार्टियों व नेताओं को मजबूती के साथ सामजिक भाईचारे और एकरूपता का संदेश दे रहे थे। जिनकी राजनीति हिन्दू मुस्लिम किये बिना पूरी नहीं होती।

### हिन्दू-मुस्लिम की राजनीति करने वालों को दिया करारा जवाब





नगर पालिका में गणेश विसर्जन के पूर्व बाकायदा विधिविधान से गणेश जी की पूजा की गई। इसके बाद हवन किया गया जिसमें मंत्रोच्चार के साथ शाकिल्य को हाथ में लेकर हवन में डाला गया। यह हवन नगर पालिका में मौजूद उन सभी अधिकारियो, पदाधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किया गया जिनमे सभी धर्मों को मानने बाले लोग शामिल थे। इस दौरान कौन हिन्दू और कौन मुस्लिम, सभी लोग एकरूपता में ढलकर धार्मिक आयोजन कर रहे थे। इसके बाद गणपति वप्पा मोरया का जोरदार उदघोष करते हुए तालाब पर जाकर गणपति जी का विसर्जन भी किया गया। नगर पालिका में किये गये उक्त धार्मिक आयोजन में सहभागिता करके नगर पालिका के अधिकारियो, पदाधिकारियों, पार्षदो व कर्मचारियों ने उन नेताओं को करारा जवाब दिया है जिनकी राजनीति की शुरुआत ही हिन्दू मुस्लिम से होती है।

### पहली बार नगर पालिका कार्यालय में स्थापित किए गए थे गणपति बप्पा

गणेश चतुर्थी के दिन नगर पालिका के इतिहास में पहली बार भगवान गणपति जी की प्रतिमा को कार्यालय में स्थापित किया गया था। और इसके बाद प्रतिदिन गणेश जी की पूजा और आरती में सभी धर्मों के नपा अधिकारी, कर्मचारी व पार्षदगण शामिल होते थे। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नगर पालिका में स्थापित गणेश प्रतिमा का विधिवत हवन-पूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक एवं नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पार्षदगणो एवं परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से हवन किया। हवन के पश्चात गणेश प्रतिमा को शोभायात्रा के साथ महेंद्र सागर तालाब ले जाया गया, जहां नाव के माध्यम से तालाब के मध्य पहुंचकर प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान संपूर्ण वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। साथ ही सूर्यप्रकाश मिश्रा उर्फ दद्दी, सनी सोनी, अनीश अहमद, फरीद खान, संजू झा, मोहम्मद शान, उपयंत्री विजय यादव, उपेंद्र दीपक विश्वकर्मा, अज्जू यादव, प्रवीण खरे, सतेंद्र साहू, उपयंत्री विजय सोनी, संतोष सिंह परमार सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं पार्षदगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## डेढ़ साल बाद भी नहीं हो रही पानी सप्लाई, लोग तरस रहे पानी को

# कल-परसों के भरोसे पर बीते 18 महीने, शोपीस बनी पानी की टंकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल-जल का लाभ जतारा तहसील के ग्राम मऊ बुजुर्ग खास की जनता नहीं ले पा रही है। क्योंकि गांव में पानी की टंकी का निर्माण तो डेढ़ साल पहले हो गया था, मगर ठेकेदार की मनमानी और लापरवाही की वजह से टंकी से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिससे ग्रामीणों को पानी मुहैया कराने की प्रक्रिया आज तक शुरू हुई।

ग्रामीणों ने बताया कि टंकी को चालू कराने के लिए कई बार ठेकेदार से निवेदन किया, मगर हर बार उन्हें कल चालू कर देंगे, परसों चालू कर देंगे जैसे आश्वासन ही मिले। नतीजा यह है कि गांव के लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं और गर्मी आते ही स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। तब गांव के एक युवक ने इस समस्या पर प्रशासन व जिम्मेदारो का ध्यान केंद्रित करने के लिए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। वीडियो में युवक ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द टंकी से पानी की सप्लाई को शुरू कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अब वे सोशल मीडिया को ही अपना हथियार बना चुके हैं, ताकि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की नींद खुले और गांव की समस्या का समाधान निकले। गांव में शुद्ध पेयजल संकट इतना गहरा गया है कि महिलाओं को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। क्योंकि नजदीक स्थित हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं। और कुआं व तालाब जैसे जलश्रोत दूर स्थित है। ऐसे में यदि टंकी चालू नहीं की गई तो आने वाले दिनों में पानी की किल्लत और बढ़ सकती है। गांव के लोगों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि ठेकेदार पर कार्रवाई कर तुरंत पानी की टंकी चालू कराई जाए, ताकि हर घर तक पानी पहुंच सके और गांव की जनता को राहत मिल सके।

## शराब दुकान के समीप स्थित अवैध अहाता में कचरे फैलने की जिम्मेदारी डाली नपा पर

# हम शराब विक्रेता हैं, शराब पीने और कचरा फैलाने से नहीं रोक सकते : ठेकेदार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रदेश सरकार द्वारा शराब दुकानों या समीप में अहाता संचालित करने या अवैध रूप से सार्वजनिक सामूहिक तौर पर शराब पीने पर पाबंदी लगाई गई है। लेकिन लगता है कि शहर के अम्बेडकर चौराहे के समीप स्थित शराब की दुकान पर प्रदेश सरकार का उक्त फरमान या तो लागू नजर होता और या फिर शराब ठेकेदार स्वयं को सरकार से ऊपर समझ रहे हैं। तभी तो शाम होते ही उक्त शराब की दुकानदार के समीप स्थित भूमि पर सुरापान के शौक़ीनो का जमघट प्रतिदिन लगता है और दुकान से शराब खरीदकर लोग बही खुले में सामूहिक तौर पर बैठकर बेखौफ शराब पीते हैं और समीप स्थित दुकानों से खाने पीने का सामान लेकर बही पर कचरा फैलाते है। जिससे आसपास के निवासी बेहद परेशान है।

जब शराब ठेकेदार से उक्त संबंधित में पूछा गया तो उन्होंने उल्टा नगर पालिका व प्रशासन पर ठीकरा फोड़ते हुए कहा कि सफाई की जिम्मेदारी तो नगर पालिका की है। हम तो किसी को शराब पीने से रोक नहीं सकते। अम्बेडकर तिराहा से मऊ चुंगी रोड पर स्थित शराब दुकान ने मोहल्ले के निवासियों की जिंदगी नासूर कर दी है। जिसके चलते शनिवार को परेशान स्थानीय लोगों ने एसडीएम कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि शराब पीने के बाद लोग दुकान के आसपास ही गिलास और बोतलें छोड़ जाते हैं, जिससे मोहल्ले में कचरे के ढेर लग गए हैं जिससे चारो ओर गंदगी का माहौल बन गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि शराब के अघोषित अहाते में सुबह से रात तक लोग जमा रहते हैं। यह केवल कचरे की समस्या नहीं बल्कि बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन गया है। निवासियों ने कहा कि शासन द्वारा अहातों पर स्पष्ट प्रतिबंध होने के बावजूद यहां अघोषित अहाता चल रहा है। मोहल्ले में घरों से निकलना मुश्किल हो गया है और लोग डर के माहौल में रहने को मजबूर हैं। शराब ठेकेदार परशुराम शिवहरे ने पूंछने पर जवाब देते हुए कहा कि दुकान में तो किसी प्रकार का अहाता नहीं है। लेकिन लोग दुकानदार के समीप खुले में बैठकर शराब पीते है। इसलिए हम इं लोगों को दुकान के बाहर शराब पीने से नहीं रोक सकते। इसके अलावा उन्होंने सफाई की जिम्मेदारी नगर पालिका पर डालते हुए कहा कि कचरा गिराने वाले व्यक्तियों और उनके समूहों पर नियंत्रण उनकी जिम्मेदारी नहीं है।

इस मुद्दे पर नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने कहा कि इस मामले का मौके पर निरीक्षण करवाया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि अगर यह पाया गया कि जानबूझकर कचरा फैलाया जा रहा है या अहाते का अवैध संचालन हो रहा है, तो शराब दुकान संचालक और ठेकेदार के खिलाफ तुरंत चालानी और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि इस तरह की गतिविधियों की जानकारी तुरंत नगर पालिका या पुलिस को दें। मोहल्ले में लगातार बढ़ती समस्या ने न केवल लोगों की स्वास्थ्य और सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं बल्कि यह नगर में कानून-व्यवस्था की अनुपालना की दिशा में भी गंभीर चुनौती बन गई है। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन कठोर कदम उठाए और शराब ठेके के आसपास अव्यवस्था और असुरक्षा की समस्या को जड़ से समाप्त करें।

# विदेश नीति को नई दिशा देकर पीएम मोदी ने भारत को बनाया वैश्विक ताकतः अभय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव ने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर पूरी ताकत के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को जाता है। डॉ. यादव ने कहा कि मोदी ने न सिर्फ भारत की विदेश नीति को नई दिशा दी, बल्कि भारत को एक क्षेत्रीय शक्ति से आगे बढ़ाकर एक निर्णायक वैश्विक ताकत बना दिया है।



डॉ. यादव ने शुक्रवार को दिए गए बयान में कहा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी समय-समय पर भारत-अमेरिका संबंधों को मज़बूत बताते रहे हैं। हाल ही में व्हाइट हाउस में दिए गए बयान में ट्रंप ने भारत को अमेरिका का मज़बूत रणनीतिक साझेदार बताया और नरेंद्र मोदी को एक महान प्रधानमंत्री एवं अपना अच्छा मित्र कहा। डॉ. यादव के अनुसार यह बयान इस बात का प्रमाण है कि आज भारत और अमेरिका के संबंध सिर्फ औपचारिक नहीं रहे बल्कि नेता-से-नेता के व्यक्तिगत रिश्तों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का वैश्विक अप्रूवल रेट दुनिया के बड़े नेताओं में सबसे अधिक है। इससे यह स्पष्ट होता है कि उनकी नीतियां और नेतृत्व शैली केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में सम्मान और भरोसे की प्रतीक बन चुकी हैं। मोदी ने भारत की विदेश नीति को ह्लपहले भारतह्व इण्डिया फर्स्ट के सिद्धांत पर खड़ा किया, जिसकी वजह से भारत की आवाज़ संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर निर्णायक भूमिका निभा रही है। डॉ. यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने वसुधैव कुटुम्बकम की भारतीय परंपरा को आधुनिक कूटनीति के साथ जोड़कर दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए सोचता है। कोविड महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री अभियान, रूस-यूक्रेन युद्ध के समय भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने की ऑपरेशन गंगा जैसी पहलें, और जी-20 की सफल मेजबानी जैसे उदाहरण हैं कि भारत अब समाधान देने वाला राष्ट्र बन चुका है।

## पूर्व से लागू धारा 163 के तहत भड़काऊ गतिविधियों पर रोक

# एसपी मंडलोई के निर्देश, किसी भी सूरत में न बिगड़ पाए फिजा, रखें सख्त नजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिलेभर में मनाए जा रहे विभिन्न त्योहारों के दौरान कोई भी असमाजिक गतिविधि या असमाजिक तत्व अपने मंसूबो में कामयाब न होने पाए। चप्पे चप्पे पर पुलिस की कड़ी निगरानी होनी चाहिए। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। उक्त कड़े निर्देश पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस अधिकारियों को देते हुए कहा कि किसी भी सूरत में जिले की फिजा नहीं बिगड़नी चाहिए। अन्यथा संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारी की लापरवाही मानकर कार्यवाही की जाएगी। एसपी मंडलोई ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जिले में पूर्व से ही धारा 163 के तहत सोशल मीडिया व रैली-जुलूस में भड़काऊ गतिबिधियों पर रोक लगी हुई है। जो भी इस आदेश का उलंघन करते पाया जाये, उस ब्यक्ति पर तुरंत सख्त कार्यवाही की जाये।




### सख्त इंतजाम करने के बाद भी पुलिस प्रशासन बरत रहा सतर्कता

आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त इंतजाम किए गए हैं। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में जिलेभर में धार्मिक स्थलों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस थानों के प्रभारियों को नियमित गश्त करने और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रखी जा रही पैनी नजर

कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। शांति भंग करने वाली किसी भी गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर सख्त मॉनिटरिंग करते हुए भड़काऊ, आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाले पोस्ट पर आईटी सेल और साइबर टीम लगातार निगरानी कर रही है। ऐसे संदेश फैलाने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए गये है।

### जुलूस और रैली के संबोधन पर भी सख्त निगरानी

जिले में निकाली जा रही रैली, जुलूस और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए भी निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्यरूप से किये जाने के निर्देश जारी किये गये है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जिले में पूर्व से ही लागू की गई धारा 163 के अंतर्गत जारी आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर शीघ्रता से कड़ी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए गये है। जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग के रूप में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने आम जनता से भी अपील की है कि त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। और इस दौरान किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए आपसी तौर पर एक दूसरे को भाईचारे का संदेश दे। आसपास अगर कोई संदिग्ध गतिविधि होती दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# सड़क हादसे में गंभीर घायल व्यक्ति के लिए जीवन रक्षक बनी डायल 112



**टीकमगढ़।** जिले में आपात स्थिति में सक्रियता बरतते हुए डायल 112 पुलिस एक बार फिर जरुरतमंद के लिए सहारा बनी है। जिले के दिगौड़ा तहसील के सामने हुए सड़क हादसे में गंभीर घायल व्यक्ति के लिए डायल 112 ने जीवन रक्षक बनते हुए घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाया जिससे उसकी जान बच गई। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस द्वारा सक्रियता से की जा रही पहल की मौके पर मौजूद आमजनों ने सराहना की है।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया है कि 5 सितम्बर को दिगौड़ा तहसील कार्यालय के सामने एक सड़क दुर्घटना में थाना मोहनगढ़ अंतर्गत ग्रामीण राजनगर निवासी सुरेन्द्र सेन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके सिर पर गहरी चोट आने से स्थिति नाजुक बनी हुई थी जिसकी बजह से घायल सुरेंद्र को तत्काल उपचार की आवश्यकता थी। उक्त घटना की जानकारी मिलते ही दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा डायल 112 के साथ स्टाफ के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और संवेदनशीलता और तत्परता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई की। नवीन एफआरवी वाहन डायल 112 की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जिससे समय पर इलाज मिलने से घायल की जान बच सकी। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि डायल 112 आपातकालीन सेवा केवल कॉल रिस्पॉन्स नहीं, बल्कि जीवनरक्षक सेवा भी है जो संकट की घड़ी में लोगों की सुरक्षा और जीवन रक्षा के लिए तत्पर रहती है।

## हेल्पिंग हैंड अभियान में कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, अपनों से मिली 4 साल की मासूम

# अपनों को ढूंढती गुमसुम मासूम को देख एचसीएम मनीष ने तत्परता से ढूंढा परिजनों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले में हेल्पिंग हैंड अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य है कि प्रत्येक थाना और चौकी प्रभारी अपने क्षेत्र में आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें, त्वरित समाधान करें और हर संभव सहायता प्रदान करें। इन निर्देशों के साथ एसपी मंडलोई द्वारा पुलिस को मानवीय सहायता के प्रति प्राथमिकता से कार्य करने के लिये भी लगातार प्रेरित किया जा रहा है। एसपी मंडलोई के निर्देशन में निरंतर चल रहे इसी अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने एक मानवीय और सराहनीय कार्य कर संवेदनशीलता का परिचय दिया। और अपनों से बिछड़ चुकी 4 वर्षीय मासूम को उसके परिजनों तक पहुंचाया।

ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान अलसिफा नामक 4 वर्षीय मासूम बच्ची भीड़ में अपने माता-पिता से बिछड़ गई थी। बच्ची डरी-सहमी थी और अपना पता बताने में असमर्थ थी। उक्त बच्ची के बारे में ज़ब कोतवाली पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस उस बच्ची को कोतवाली लें गई। लेकिन ईद के जुलुस की व्यस्तता के चलते कोतवाली का अधिकांश पुलिस बल शहर की सुरक्षा में मौजूद था। इसके चलते बच्ची को कोतवाली में मौजूद एचसीएम मनीष भदौरिया की देखरेख में देकर परिजनों की तलाश शुरू की गई। परन्तु जुलुस निकलने और शहर में अधिकांश पुलिस बल के चप्पे चप्पे पर मुस्तैदी में व्यस्त होने की वजह से परिजनों को ढूंढने में देरी हो रही थी।

### बच्ची की बेचैनी देख एचसीएम मनीष ने परिजनों को ढूंढने में दिखाई प्राथमिकता






कोतवाली में मौजूद मासूम बच्ची अपने आसपास अनजान चेहरों को देख उनमे अपने परिजनों को ढूंढने के लिए बेचैनी और सहमा निगाहो से चारो ओर देख रही थी। सहमी हुई मासूम बच्ची की आँखो में अपनों को खोजने की बैचेनी को ज़ब एचसीएम मनीष ने देखा तो बच्ची को अनजान चेहरों को आसपास देखने की वजह से सहमा हुआ और अपनों की तलाश करते हुए इधर उधर सिर घुमाते देख स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस के एचसीएम मनीष भदौरिया ने अपने पुलिसिया कार्य के साथ साथ बच्ची के परिजनों को तलासने का कार्य सरगर्मी से शुरू किया। इस दौरान एचसीएम मनीष ने प्रधान आरक्षक मुकेश और आरक्षक बृजेन्द्र दांगी के साथ मिलकर बच्ची के माता-पिता की तलाश शुरू कर दी। लगातार प्रयासों और सतर्कता के बाद पुलिस टीम ने बच्ची के पिता हफ़ीज खान और माता रूबिना, निवासी मोटे का मोहल्ला को खोजनिकाला और बच्ची को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया। मासूम को पाकर माता-पिता की आंखों में तो खुशी के आंसू थे ही लेकिन कोतवाली पुलिस को सुकून और ख़ुशी तब मिली ज़ब उन्होंने मासूम बच्ची को अपनों के बीच ख़ुशी में झूमते और चहकते देखा। यह कार्य न केवल पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता का उदाहरण है, बल्कि जनसेवा ही सर्वोत्तम सेवा को लेकर चल रही पुलिस की भावना को भी जीवंत करता है।

श्योपुर को पराली फ्री डिस्टिक बनाने कलेक्टर का नवाचार

# पंजाब से आए हरपाल और गुरदीप श्योपुर को दिलाएंगे पराली से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गुरदासपुर पंजाब के व्यवसाई हरपाल सिंह और गुरदीप सिंह कलेक्टर अर्पित वर्मा के श्योपुर को पराली फ्री डिस्टिक बनाने के सपने को अमलीजामा पहनाएंगे। इस संबंध में दोनों पंजाबी व्यवसाईयों के साथ कलेक्टर वर्मा ने शनिवार को विस्तृत चर्चा की ओर इस दिशा में चलाए जा रहे अभियान को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

जब से आईएएस अर्पित वर्मा ने जिले के कलेक्टर का प्रभार संभाला है वह श्योपुर को पराली मुक्त जिला बनाने के लिए प्रयासरत है। बीते सीजन में भी उन्होंने विभिन्न किसानों और किसान संगठनों के साथ इस संबंध में विस्तृत चर्चा की थी और अधिकतर किसान उनकी इस बात से सहमत भी थे कि पराली को जलाकर वह पर्यावरण को प्रदूषित करने के साथ साथ भूमि की उर्वरा शक्ति को भी कम कर रहे हैं। पराली जलाने का काम किसानों के साथ-साथ मानवता को नुकसान पहुंचा रहा है। पर पराली को जलाकर नष्ट करने से आसान तरीका भी शायद किसानों को ओर कोई दिखाई नहीं पड़ रहा है जिसके चलते लाख प्रतिबंध के बावजूद किसान पराली जलाते नहीं मान रहे हैं। इसकी बानगी विगत सीजन में पराली जलाने के कारण किसानों पर हुए जुर्माना हैं जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। बीते सीजन में सबसे अधिक पराली जलाने के लिए किसानों पर जुर्माने किए गए। अब कलेक्टर वर्मा ने पंजाब के गुरदासपुर से आए व्यवसायियों को पराली मुक्त जिला बनाने की जिम्मेदारी सोपी है जो आगामी फसल कटाई के बाद अपनी मशीनों के साथ श्योपुर पहुंचकर अपना काम शुरू करते हुए पराली को काटकर अपने साथ ले जाएंगे। खास बात यह है कि इस काम के लिए पंजाबी व्यवसाई न तो प्रशासन से ओर न किसानों से कोई मजदूरी लेंगे।




### ऐसे बनाएंगे श्योपुर को पराली मुक्त जिला

पंजाबी व्यवसाई हरपाल सिंह और कुलदीप सिंह अपने साथ 22 बेलर मशीन लेकर आएंगे जो पराली को काटकर उनके गट्ठर बनाने का काम करेगी। बाद में इन गट्ठरों को बायोमास प्लांट वालों को बेचकर सिख व्यवसाई अपने पैसे उनसे ले लेंगे। ज्ञात हो कि बेलदार मशीन महंगी आती है। एक दिन में औसतन 15 से 30 एकड़ तक के क्षेत्र में काम कर सकती है। पंजाब में एक उदाहरण के तौर पर, बेलर मशीनों को एक दिन में 125 एकड़ तक की पराली की गांठें बनाने की क्षमता वाली बताया गया है। कलेक्टर द्वारा बुलाई गई बैठक में बायोमास प्लांट के व्यवसाईयों को भी बुलाया गया था जिन्होंने उक्त गट्ठरों को उचित मूल्य पर खरीदने की स्वीकृति भी दी है।

### एनआरएलएम खरीदेगा 100 सुपर सीडर मशीन

श्योपुर को पराली मुक्त जिला बनाने के अभियान में मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) भी सहयोग करेगा इसके लिए उसने 100 सीटर मशीन खरीदने का फैसला किया है। किसानों को सुपर सीडर मशीन खरीदने के लिए सरकार 40 फीसद सब्सिडी देती है और एनआरएलएम अपने समूहों को यह मशीन बैंक से लोन के माध्यम से प्रदान करवाएगा। ज्ञात हो कि सुपर सीडर एक आधुनिक कृषि मशीन है जो ट्रैक्टर से जुड़कर एक साथ कई काम करती है, जिसमें जुताई करना, बीज बोना और मिट्टी को बीज के ऊपर दबाना शामिल है। यह विशेष रूप से धान के कटाई के बाद के खेतों में गेहूँ जैसी फसलें बोने के लिए उपयोग की जाती है, जो फसल के अवशेषों (जैसे पराली) को खेत में मिला देती है और उन्हें ग्रीन खाद बनाने में मदद करती है। यह किसानों के लिए एक श्थ्री-इन-वनश् समाधान है जो समय, श्रम और लागत बचाता है, जिससे उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलती।

कराहल थाना क्षेत्र में चार दिन में दूसरी वारदात, घटनास्थल पर पहुंचे एसपी

# हाईवे पर रात को बदमाशों ने वाहनों पर फिर बरसाए पत्थर, बढ़ रही दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर शिवपुरी हाइवे पर कराहल थाना क्षेत्र के जंगल में बदमाशों ने रात्रि के दौरान एक बार फिर हाइवे पर लूटपाट करने के मकसद से वाहनों को रोकने के लिए न सिर्फ पत्थर लगाए, बल्कि वाहनों पर पत्थर भी बरसा दिए। जिससे कई वाहनों के शीशे फूट गए। वहीं रात के दौरान इस हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालको में दशहत की स्थिति बढती जा रही है।

खास बात यह है कि जिस जगह पर दो बार घटना हुई है, उस स्थान के दोनो तरफ पुलिस थाने मौजूद है। एक तरफ कराहल थाना तो दूसरी तरफ सेसईपुरा थाना होने के बाद भी उक्त जगह पर चार दिन के भीतर दूसरी वारदात का घटित हो जाने से इस क्षेत्र सहित इस हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालकों में दशहत बढती जा रही है। हालांकि इस मामले में भी कराहल थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन इन वारदातों को अंजाम कौन दे रहा है, इसका फिलहाल पता नहीं है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और कराहल थाना प्रभारी यासमीन खान को जल्द ही इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

आवदा थाना क्षेत्र के गांव ढोढपुर निवासी दिलीप पुत्र खेमराज जाट ने कराहल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह कार से शुक्रवार की रात साढे 11 बजे के आसपास जब श्योपुर शिवपुरी हाइवे स्थित घाटी के पास खोरी मोड से गुजर रहा था, तभी वहां बदमाशों ने लूटपाट करने के मकसद से वाहनों को रोकने के लिए हाइवे पर न सिर्फ पत्थर लगा रखे थे, बल्कि वाहनों पर पत्थर भी बरसा रहे थे, जिससे कई वाहनों के शीशे फूट गए। पथराव से हमारी गाडी के शीशे भी फूटे है। बता दें कि 2-3 सितंबर की रात्रि के दौरान भी इसी हाइवे पर घाटी के नजदीक बदमाशों ने इसी तरह वाहनों पर पत्थर बरसाए थे। जिससे रात्रि के दौरान इस हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालकों में दहशत बढती जा रही है। लोगों को यह डर सता रहा है कि कहीं ये बदमाश वाहनों में सवार लोगों के साथ कोई बडी वारदात घटित न कर दे।



### घटनास्थल पर पहुंचे एसपी, पुलिस ने उठाए तीन संदिग्ध

कराहल थाना पुलिस ने दिलीप पुत्र खेमराज जाट की रिपोर्ट पर तीन अज्ञात बदमाशों पर मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन फिलहाल बदमाशों का कोई अता पता नहीं है। चार दिन के भीतर दूसरी वारदात घटित होने पर शनिवार को एसपी वीरेन्द्र जैन ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया और अधिनस्थ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो लोग इस तरह की हरकत कर रहे है, उनका जल्द पता लगाकर उन्हें अरेस्ट करें। बताया जा रहा है कि एसपी के निर्देश के बाद कराहल थाना पुलिस ने इस मामले में सक्रियता दिखाते हुए तीन संदिग्ध लोगो को उठाकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

### इनका कहना है

कोई बदमाश गिरोह सक्रिय नहीं है। सिर्फ दहशत फैलाने के लिए यह लोकल के ही बदमाश टाइप के लोगों की हरकत है। जल्द ही बदमाशों को पता लगाकर उन्हें अरेस्ट कर लिया जाएगा।

**वीरेन्द्र जैन**
**एसपी, श्योपुर**

# मोबाइल नहीं दिलाने पर कलयुगी बेटे ने पत्थर से फोड़ दिया मां का सिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मोबाइल खरीदने के लिए पैसे नहीं देने से एक बेटा इतना गुस्सा हो गया कि उसने अपनी मां से गाली गलौच करते हुए पत्थर मारकर उसका सिर फोड दिया। शनिवार को यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र के इकलौद गांव का है। पुलिस ने मां की शिकायत पर कलयुगी बेटे पर मामला दर्ज कर लिया।

विजयपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम इकलौद निवासी महिला मीना पत्नी सियाराम माहौर ने शनिवार को थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार की सुबह मेरे बेटे भूरा माहौर ने मोबाइल खरीदने के लिए पैसे मांगे तो मैने कह दिया कि तूझे पहले मोबाइल दिला दिया है, जिसे तुमने खो दिया। अब मेरे पास दोबारा मोबाइल खरीदने के लिए पैसे नहीं है। इसी बात से भूरा ने गाली गलौच करते हुए मेरे सिर में पत्थर मार दिया। जिससे उसका सिर लहुलूहान हो गया। इस मामले में पुलिस ने भूरा माहौर के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### रंजिश पर युवक को घेरकर पीटा

विजयपुर कस्बे में शनिवार की सुबह कोठारी पैलेस के पास एक युवक की नामजद आरोपियों ने एक राय होकर मारपीट कर दी। विवाद पुरानी रंजिश को लेकर हुआ। पुलिस ने बताया कि कैलारस थाना क्षेत्र के गांव ढोंगरपुर निवासी धर्मेन्द्र रावत पुत्र चंद्रपाल रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह विजयपुर में कोठारी पैलेस के पास बाजार खडा था, तभी मुझे रवि रावत, कल्ला रावत, अंकेश रावत निवासी हुल्लपुर ने घेर लिया और मेरी गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### विवाहिता को देवरानी और चचिया सास ने पीटा

विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव इकलौद के गोलीपुरा में शनिवार को एक महिला की उसकी चचिया सास, देवरानी और देवर समेत चार लोगो ने मिलकर मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि महिला पपीता पत्नी शिवराज कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी चचिया सास, देवरानी और देवर समेत चार लोगो ने मेले में आने की बात को लेकर विवाद करते हुए मेरी मारपीट कर दी। पुलिस ने पपीता की रिपोर्ट पर रामहेती बाई, रचना बाई, नीरज बाई तथा संजय के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है

### कराहल एसडीएम ने अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव द्वारा आज आदिवासी विकासखण्ड कराहल के शासकीय प्राथमिक विद्यालय गांधी गांव का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान शिक्षक राम सोनी अनुपस्थित पाये गये। इसी प्रकार शासकीय आदिवासी बालक आश्रम भीमलत के निरीक्षण के दौरान शिक्षक सुरेशचंद मीणा भी अनुपस्थित मिले, दोनो शिक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही शासकीय प्राथमिक विद्यालय भेला तथा शासकीय हाईस्कूल सारसिल्ला का निरीक्षण भी किया गया। उक्त दोनो संस्थाओं में सभी शिक्षक उपस्थित पाये गये एवं विद्यालय का विधिवत संचालन पाया गया।



# जमीयत उलमा ए हिंद के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे श्योपुर बाढ़ राहत कार्यों में करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जमीयत उलमा ए हिंद के प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती मोहमद अहमद खान टीम के साथ शनिवार की देर रात श्योपुर पहुंचें जहां वे रात्रि विश्राम करने के बाद रविवार को बाढ़ राहत के लिए चलाए जा रहे कार्यों में शामिल होंगे। यह जानकारी जमीयत के जिलाध्यक्ष कारी आदिल कुरेशी ने प्रेस नोट जारी कर दी।

कारी आदिल कुरैशी ने बताया कि जमीयत के प्रदेश अध्यक्ष के साथ जमीयत के प्रदेश उपाध्यक्ष मुफ्ती जिया उल्लाह कासमी भी पहुंच रहे हैं। वह रविवार की सुबह 9:00 बजे श्योपुर गुरुद्वारा पर पहुंच कर सिख संगत व गुरुद्वारे के सेवादारों से चर्चा करेंगे और जमीयत उलेमा ए हिंद द्वारा मस्जिदों के माध्यम से पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए एकत्रित की गई राशि और राहत सामग्री उनके सुपुर्द करेंगे। इसके बाद वह सवाई माधोपुर जाएंगे जहां बाढ़ पीड़ित बस्तियों और गांवों का दौरा कर जमियत द्वारा एकत्रित की गई राहत सामग्री का वितरण बाढ़ पीड़ितों के बीच करेंगे।

# बारिश के बीच घायल गोमाता का गोसेवकों ने किया इलाज



श्योपुर। ग्राम पंचायत सुठारा के हाकूराम के डेरा के पास सडक पर शुक्रवार की रात करीब 10 बजे एक गाय को एक वाहन टक्कर मारते हुए घायल कर भाग गया। जिसका पता गांव के गौमाता प्रेमी लोगों को तो वे बरसते पानी के बीच घायल गौमाता का इलाज करने के लिए घरो से बाहर निकल आए और उन्होने फोन करके गौ सेवक चरणजीत सिंह सहित अन्य गौसेवक मौके पर आ गए, जिन्होने डॉ जितेंद्र के मार्गदर्शन लेकर घायल गौमाता का इलाज किया।

# अस्पताल को लेकर मेवरा पहुंचे केंद्रीय मंत्री सिंधिया की शरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल हॉस्पिटल में परिवर्तित करने के साथ नए भवन निर्माण को लेकर चल रहे प्रदर्शनों के बीच अब पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की शरण में पहुंचे हैं हालांकि केंद्रीय मंत्री से नेताओं का मिलना सौजन्य भेंट और सामान्य प्रक्रिया है लेकिन जिस तरह क्षेत्रीय राजनीतिक माहौल बना हुआ है उससे यह मुलाकात राजनीतिक दृष्टि से अहम मानी जा रही है। विजयपुर के पूर्व विधायक मेवरा की केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मुलाकात श्योपुर के पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज सिंह चौहान ने दिल्ली पहुंचकर करवाई है।

विजयपुर के दो बार विधायक रह चुके बाबूलाल मेवरा ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को बताया कि जिला प्रशासन की ओर से विजयपुर में प्रस्तावित अस्पताल भवन निर्माण के लिए नगर से लगभग 6-7 किलोमीटर दूर लाडपुरा क्षेत्र में जमीन चिन्हित की गई. इससे नगर वासियों में काफी आक्रोश देखने को मिला है। नगर सहित क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्रस्तावित नया स्थल विजयपुर नगर से काफी दूर है. यह दूरी मरीजों के लिए काफी परेशानी का कारण बनेगी। पुराना अस्पताल घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है.जो लोगों के लिए सुविधाजनक है। पुराने भवन के स्थान पर ही नया अस्पताल भवन बनाया जाना जनहित कारी होगा।



युवाओं ने नारेबाजी कर एसपी के नाम एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

# नशे के अवैध कारोबार को बंद कराए पुलिस, नहीं तो होगा बड़ा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में बढते जा रहे स्मैक का नशा करने के अवैध कारोबार को बंद कराए जाने की मांग को लेकर युवाओं ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर नारेबाजी की और एसपी के नाम एक ज्ञापन एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता के दिया। ज्ञापन सौपने के दौरान युवाओं ने साफ चेतावनी दे दी कि पुलिस प्रशासन इस अवैध नशा कारोबार को जल्द बंद कराए अन्यथा इस मामले को लेकर बडा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

युवा समाजसेवी गिर्राज भदौरिया, मुकेश हिरनीखेडा सहित अन्य कई युवाओं ने शनिवार को नारेबाजी करने के बाद एसडीओपी श्योपुर को दिए ज्ञापन में बताया है कि जिले में जगह जगह स्मैक का अवैध धंधा चल रहा है। जबकि स्मैक के नशे की गिरफ्त में आकर कई युवा जहां बर्बाद हो गए है, वहीं कई लोग अपनी जान तक गंवा चुके है। दिनोदिन यह अवैध कारोबार बढता जा रहा है, लेकिन इस मामले में पुलिस प्रशासन काफी दिनों से मौन साधे हुए नजर आ रहा है। युवाओं ने इस अवैध नशा कारोबार को पूरी तरह बंद कराए जाने की मांग की है।



गणपति को विदा देने उमड़े लोग, थमी गणेशोत्सव की 10 दिवसीय धूम

# पंडित घाट पर हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नम आंखों से श्रद्धालुओं ने दी बप्पा को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर की सीप नदी के पंडित घाट पर शनिवार को गणेश प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन किया गया। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए विभिन्न पांडालों से चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। गाजे-बाजे और डीजे की धुनों के बीच चल समारोह सीप नदी पर जाकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर नदी किनारे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से बप्पा को विदाई दी। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारे भी श्रद्धालुओं के द्वारा लगाए गए।

चल समारोह के दौरान युवा भक्तों में खासा उत्साह दिखाई दिया तथा समूचा वातावरण अबीर-गुलाल, पुष्प-वृष्टि तथा आतिश बाजी के साथ गणपति बप्पा मोरिया के जयघोषों से गरजता रहा। इस दौरान युवाओं की टोली नाचते गाते हुए चल रही थी, तो महिलाएं मंगल गीत गाते हुए चल समारोह में शामिल हुई। इसके साथ ही अनंत चतुर्दशी के दिन जहां गणेश भगवान को विदाई दी गई। इसी के साथ गणेशचतुर्थी से शुरू हुई गणेशोत्सव की धूम भी 10 दिनों बाद संपन्न हो गई। बीते 10 दिनों से शहर के दर्जन भर से अधिक पांडालों में गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की हुई थी। वहीं दूसरी ओर शनिवार को घरों में भगवान अनंत का पूजन भी विधि-विधान के साथ किया गया। अनंत चतुर्दशी पर्व पर अनंत भगवान की पूजा-अर्चना करते हुए अनंत-सूत्र बांधे जाने का विधान है, जिसका निर्वाह इस बार भी परम्परागत आस्था के साथ किया गया। इस पर्व पर तमाम महिलाओं ने दशा माता और गाज-बीज माता का विशेष पूजन भी किया। उधर चल समारोह के दोरान जहां पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई। वहीं पुलिस अधिकारी भी चल समारोह के दौरान साथ चल रहे थे





### घर घर गणेश लेने पहुंचे रथ, विशेष कुंड में हुआ विसर्जन

बीते वर्ष की तरह इस साल भी नगर पालिका परिषद ने गणेश प्रतिमाओं को घर-घर से एकत्रित करने के लिए दो विशेष रथ बनाए थे इन रथों को फूलों से सजाकर विभिन्न वार्डों में ले जाया गया जहां घरों पर स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं को रथ में सवार कर्मचारियों के सुपुर्द किया गया जिन्हें पंडित घाट पर ले जाकर वहां बनाए गए विशेष कुंड में उन्हें विसर्जित किया गया। ज्ञात हो कि प्रदूषण रोकने के उद्देश्य से मूर्तियों को जलाशयों में बहाने पर रोक लगाई गई है जिसके चलते नगर पालिका परिषद ने विशेष कुंड पंडित घाट पर बनाया है यह विशाल कुंड इतना बड़ा है कि इसमें बड़ी बड़ी प्रतिमाएं भी आसानी से विसर्जित की गई।




### हलगांवडा, बंबोरी व तलावड़ा में पहुंचा ज्योति कलश रथ

श्योपुर। ज्योति कलश रथ ने शनिवार को हलगांवडा के गोपालजी मंदिर पर पहुंच कर ग्रामीणों को दर्शन प्रदान किये। इस अवसर पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसका संचालन चौथमल शर्मा व आदित्य चौहान ने किया। कार्यक्रम में सुगनचंद रावत प्रभूलाल मीणा, रोशन मीणा, परीक्षित मीणा, राजेन्द्र गुप्ता, लेखराज सुमन, विक्रांत सिंह, बंटी लोधा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। हलगांवडा में गायत्री परिवार के साहित्य का वितरण किए जाने के बाद यह रथ ग्राम बंबोरी हाला पहुंचा तथा पूरे ग्राम का भ्रमण किया इस अवसर पर ग्रामीणों ने ज्योति कलश रथ का दर्शन कर आरती व पूजन किया तथा रथ यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी ली। गायत्री परिजनों ने ग्रामीणों को गायत्री परिवार के साहित्य का वितरण किया। सायं 5 बजे रथ ग्राम तलावडा के शिव मंदिर पहुंचा जहां दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने अपने घरों से दीपक लाकर विश्व के कल्याण हेतु गायत्री मंत्र से आहुतियां प्रदान की। इस अवसर पर मधुसूदन जाट, जगदीश शर्मा, जगदीश जाट, मदन सिंह जाट, योगेन्द्र सिंह जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### चरस की कमाई से लग्जरी होटल व कार की करता था सवारी, राजनीतिक संरक्षण में पुलिस गिरफ्त से था दूर

# ट्रक ड्राइवर के संग वर्षों से नशे का कारोबार, 30 किलो 295 ग्राम चरस 6 करोड़ 21 लाख की बरामद की, कुख्यात तस्कर गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

देहात थाना पुलिस ने कोलारस निवासी रमतला के कुख्यात नशा तस्कर को शुक्रवार पुलिस ने 30 किलो 295 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश से जब्त चरस की अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कीमत लगभग 6 करोड़ 21 लाख 60 हजार रुपए आँकी गई है। पुलिस ने बताया है कि यह कुख्यात नशा तस्कर संदीप सिंह सिख उम्र 38 वर्ष निवासी रमतला कोलारस शिवपुरी को मौके से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी संदीप सिंह वर्षो से नशीले पदार्थों की तस्करी में पकड़ा जा चुका है और उसके खिलाफ कोलारस व गुना जिले में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि 4 सितम्बर को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी देहात निरीक्षक जितेन्द्र मावई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोटा.झांसी फोरलाइन पर मझेरा गाँव के पास दबिश दी।

वहां संदिग्ध हालत में खड़े आरोपी को पकड़कर उसकी किओ कार से 60 पैकेट चरस 30 किलो 295 ग्राम बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने कहा कि नशे के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाना हमारी पहली प्राथमिकता है। शिवपुरी पुलिस हर हाल में समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।





### इनका कहना है

शिवपुरी पुलिस का लक्ष्य है जिले को नशामुक्त बनाना। नशे का धंधा समाज की जड़ें खोखली करता है और युवा पीढ़ी को बरबाद करता है। ऐसे कारोबारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

अमन सिंह राठौड़,
एसपी शिवपुरी।

## कुख्यात नशा तस्कर पर कई गंभीर मामले दर्ज

थाना देहात पुलिस द्वारा पकड़ा गया संदीप सिंह सिख कोई सामान्य आरोपी नहीं, बल्कि वर्षों से सक्रिय पेशेवर अपराधी है। उस पर पहले से ही शिवपुरी और गुना जिले में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड बताता है कि आरोपी बार-बार नशे के धंधे और अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है। आरोपी पर थाना कोलारस शिवपुरी में 2016 अपराध क्र 271-16, धारा 8-18, 29 एनडीपीएस एक्ट, थाना कोलारस शिवपुरी में अपराध क्र 294 धारा 324, 336, 341, 447, 506, 34 भादवि, थाना कोलारस, शिवपुरी 2016, अपराध क्र 407-16, धारा 342, 34 भादविए थाना कैंट गुना 2025 अपराध क्र 556-25, थाना कोलारस शिवपुरी 2019 अपराध क्र 107-19, धारा 363-18, 34 आबकारी एक्ट एवं थाना कोलारस, शिवपुरी 2024 अपराध क्र 404-24, धारा 34 आबकारी एक्टए 115;2,18;1, 296,351;2, बीएनएस हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक संदीप सिंह नशे के अवैध कारोबार का पुराना खिलाड़ी है। वर्ष 2024 में थाना कोलारस में 17 किलो चरस 3 करोड़ 49 लाख कीमती जब्त हुई थी। ताजा कार्रवाई में देहात थाना पुलिस ने उसके पास से 30 किलो 295 ग्राम चरस बरामद कर उसे गिरफ्तार किया।

### नशा तस्कर के तार राजनीति से जुड़े होने की संभावना, पुलिस खंगाल रही सम्पर्क सूत्र

थाना देहात पुलिस की गिरफ्त में आया कुख्यात तस्कर संदीप सिंह सिख अब सिर्फ एक नशा कारोबारी के तौर पर ही नहीं देखा जा रहाए बल्कि उसके तार राजनीति से जुड़े होने की संभावना भी सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक संदीप लंबे समय से कुछ प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में सक्रिय थाए तभी महज़ सात साल में उसकी ज़िदगी झोपड़ी से करोड़ों तक पहुँच गई। पुलिस की जाँच में सामने आ रही संभावनाओं में संदीप के नशे के कारोबार को राजनीतिक छत्रछाया मिलती रही, कई बार पकड़ाने के बाद भी वह बड़े स्तर पर कारोबार करता रहा एवं पुलिस अब उसके फोन रिकॉर्ड, बैंकिंग ट्रांजैक्शन और सम्पर्क सूत्रों की गहन पड़ताल कर रही है।

### झोपड़ी से करोड़ों तक का सफर, 7 साल में चरस किंग बना संदीप सिंह

नशे का कारोबार कैसे किसी को रातों-रात अमीर बना देता है, इसका जीता-जागता उदाहरण है। थाना देहात पुलिस की गिरफ्त में आया कुख्यात तस्कर संदीप सिंह सिख। सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2018 में यह आरोपी झोपड़ी में रहने वाला साधारण व्यक्ति थाए लेकिन अवैध मादक पदार्थों के कारोबार ने महज 7 सालों में उसकी ज़िंदगी बदल दी। अब 2025 में वह अकूत संपत्ति का मालिक बन चुका है। हाल ही में पुलिस ने संदीप सिंह से 30 किलो 295 ग्राम चरस बरामद कीए जिसकी कीमत लगभग 6 करोड़ 21 लाख रुपए आँकी गई है। यह गिरफ्तारी संदीप की लग्जरी ज़िंदगी और उसके काले कारोबार की पोल खोलती है।

### जिले में अभी तक बरामद किया नशा कारोबार

- अब तक 2025 में शिवपुरी पुलिस की उपलब्धियां
- 6 करोड़ 21 लाख की 30 किलो 295 ग्राम चरस
- 2 करोड़ 29 लाख की 1294.85 ग्राम स्मैक
- 1 करोड़ 05 लाख का 903 किलो 865 ग्राम गांजा
- 1-45 लाख की 955 ग्राम अफीम
- 63 हजार का 12 किलो 150 ग्राम डोडाचूरा
- 96 लाख 61 हजार की 37348 लीटर शराब कुल मिलाकर वर्ष 2025 में अब तक 10 करोड़ 55 लाख रुपए मूल्य के अवैध मादक पदार्थ जब्त किए जा चुके हैं।



## गणपति बप्पा मोरिया, अगले वर्ष तू जल्दी आ श्रद्धालुओं ने नम आंखों से बप्पा को दी विदाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन शनिवार को धूमधाम से हुआ। श्रद्धालुओं ने सुंदर-सुंदर झांकियों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विराजमान कर अगले वर्ष जल्द आने का वादा लेकर मोतीचूर नदी, बेतवा नदी एवं बीना नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सुबह से ही गणेश पंडालों में हवन, पूजन आरती के साथ भगवान गणेश की विदाई दी। इसके बाद वाहनों को बैलून, फूलों आदि से सुसज्जित कर डोल, नगाड़ों एवं डीजे के बीच रंग, गुलाल उड़ाते नृत्य करते हुए चल समारोह निकाले गए। चल समारोह स्टेशन रोड, कच्चा रोड आदि मुख्य मार्गों से निकाल कर श्री रघुनाथ ट्रस्ट बड़ा मंदिर पहुंचा। जहां पर प्रशासन द्वारा की गई भव्य तैयारियों के बीच हाइड्रा मशीन से सुरक्षित प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। मोतीचूर नदी के घाट से पहले श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा पूजन एवं आरती की।

### नदी घाट पर की गई सजावट

मोतीचूर नदी घाट पर बप्पा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर पालिका, राजस्व, एमपीईबी, पुलिस विभाग के द्वारा पर्याप्त इंतजाम किए गए। वहीं घाट को बैलून एवं फब्बारों में लाइट लगाकर सुज्जित किया। विसर्जन के दौरान नपा अध्यक्ष लता सकवार, एसडीएम विजय डेहरिया, उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैंया, सभापति भारती राय, जितेंद्र बोहरे, पार्षद विजय लखेरा आदि उपस्थित थे।

### सुंदर कांड का हुआ आयोजन

विधायक कार्यालय पर शुक्रवार को धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के वातावरण में सुंदर काण्ड पाठ एवं 56 भोग का भव्य आयोजन हुआ। सुंदर काण्ड पाठ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान श्रीराम की लीला एवं महिमा का रसपान किया। संगीतमय पाठ के बीच हुए भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पाठ उपरांत भगवान श्री गणेश को 56 भोग अर्पित किए गए तथा महाआरती संपन्न हुई।

## राय गैस एजेंसी संचालक ने शिक्षकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शिक्षक दिवस पर राय गैस एजेंसी के द्वारा शिक्षकों का शाल श्री फल देकर सम्मानित किया गया।

शिक्षक दिवस के मौके पर राय गैस एजेंसी के संचालक छोटा बाबू राय ने शिक्षक देव शंकर दुबे, सीताराम चौरसिया, ठाकुर दास यादव, संजय ताम्रकार, मनीष श्रीवास्तव, मुकेश राय एवं शांति ताम्रकार का शाल श्रीफल माला एवं उपहार देकर सम्मानित कर शिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह के दौरान ज्योति प्रकाश राय, आकाश साहू, अंजलि कुर्मी, प्रदीप यादव आदि उपस्थित रहे।

### भानगढ़ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन, पांडाल में धुनों पर झूमे भक्त

यज्ञ में श्रद्धालुओं ने व्यसन, बुराईयों को पर्ची पर लिखकर किया स्वाहा

# प्रभु की याद से होता तन-मन-धन का शुद्धिकरणः राजयोगिनी नीलम दीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा भानगढ़ में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ। समापन पर यज्ञ में श्रद्धालुओं ने पर्ची पर व्यसन, बुराइयों को लिखकर सदा-सदा के लिए स्वाहा कर दिया। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। समापन पर कथा वाचिका राजयोगिनी नीलम दीदी ने परमपिता परमात्मा का आह्वान करते हुए कहा कि भागवत में चार अक्षर हैं, इन चार अक्षरों को ही अगर समझ लिया और अपने जीवन में धारण किया तो आप ईश्वर के नजदीक जा सकते हैं। इसमें भा अर्थात भक्ति, ग अर्थात ज्ञान, व अर्थात वैराग्य और त अर्थात त्याग और तप। यदि जीवन में इन चार बातों को ही शिरोधार्य कर लिया जो यह जीवन धन्य हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि भागवत कलयुग का अमृत हैं। सभी दुःखों की एक ही औषधि भागवत गीता। कहते हैं परिवर्तन ही संसार का नियम है। हमें ही कलयुग में रहते हुए अपनी बुराइयों, बुरी आदतों को अच्छाई में परिवर्तित करना हैं। अर्थात इस अनोखे गीता ज्ञानयज्ञ के द्वारा मनुष्यों के संस्कार परिवर्तन का दिव्य गुणों से परिवर्तन करना है। कहा जाता है नर ऐसी करनी करें जो नारायण बन जाए और नारी ऐसी करनी करें जो श्री लक्ष्मी बन जाए। मेडिटेशन अभ्यास के बाद श्रीमदभागवत जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कथा के यजमान सुमन सुरेंद्र लोधी के साथ सरपंच राजेश पटेल, मदन पटेल, रतिराम पटेल, रामबाबू पटेल का कथा के आयोजन में सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर बीके सरोज दीदी, बीके किरण दीदी, बीके जानकी दीदी, बीके मधु दीदी, बीके रिया दीदी, रामसहाय साहू, जितेंद्र सिंह राजपूत, प्रवीण साहू, निरपत कुर्मी, राजकुमार लोधी, रेखा मुकेश लोधी, ज्ञान भाई, रामरतन पटेल, सरोज रामेश्वर कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## विघ्नहर्ता गणपति हुए विदा बरियाघाट तालाब दिनारा में हुआ



**दिनारा।** कस्बे की आस्था का केंद्र शीतला माता मंदिर प्रांगण में विराजे गणेशजी का विसर्जन बड़े ही धूमधाम से किया गया। शीतला माता मंदिर पुजारी ओमप्रकाश पुरोहित के सानिध्य में व शीतला माता मंदिर गणेश महोत्सव समिति के तत्वाधान में ढोल, डीजे के साथ श्रीजी जलविहार के लिए निकले। भक्तों ने जमकर नृत्य किया। शोभायात्रा कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुए दिनारा हाईवे पुल की परिक्रमा करते हुए गिराज धरण मंदिर बरियाघाट पहुंची, जहां पुरी श्रद्धा से भक्तों द्वारा श्रीजी को विसर्जन किया गया। श्रीजी की जलविहार यात्रा में शीतला माता मंदिर गणेश महोत्सव समिति सागर नामदेव प्रशांत परिहार नितेश प्रजापति अभिषेक नामदेव सनी खटीक नितेश अग्रवाल प्रदीप यादव केशव गुप्ता राज प्रजापति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### ढोल, डीजे के साथ जलविहार के लिए निकले श्रीजी, जमकर नाचे



**दिनारा।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढांड मे श्री गणेश महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया प्रथम वर्ष कमेटी ने संकल्प लिया कि हम सभी लोग मिल जुल कर हर वर्ष की भांति 5 वर्ष तक श्री गणेश जी को बिराजमान करेंगे प्रथम वर्ष में हम सभी भक्तों को एवं कमेटी को बहुत आनंद प्राप्त हुआ,, प. श्री मनीष शर्मा,राज मंदिर पुजारी ग्राम ढांड के एवं मुख्य यजमान केशव लोधी ने सुबह शाम आरती में सहयोग दिया प. श्री मनीष शर्मा के द्वारा हवन पूजन एवं श्री गणेश विसर्जन कन्या भोजन भंडारा सम्पन्न कराया गया हम सभी भक्तों ने बड़े धूम धाम के साथ डी ,जे ढोल के साथ विसर्जन किया, जय खाती बाबा कमेटी ग्राम ढांड मजरा बावरी कमेटी सदस्य केशव लोधी, प्रवेश लोधी, पुष्पेन्द्र लोधी,राहुल लोधी, लखन रजक,राहुल रजक,रोहित रजक अनूप रजक एवं समस्त कार्यकर्ता, सहयोगी जन का बहुत बहुत सहयोग मिला हम समस्त कमेटी प्रार्थना करते हैं श्री गजानन महाराज से सभी भक्तों को सद बुद्धि दे अपनी कृपा दृष्टि हमेशा बनाए रखें।

# विधायक निर्मला ने मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों को दिया सम्मान, 19 लाख की राशि वितरित






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शिक्षक दिवस के अवसर पर होटल सिद्धिविनायक में आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं एवं श्रेष्ठ शिक्षकों का भव्य सम्मान समारोह अभूतपूर्व उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विधायक निर्मला सप्रे की प्रशंसा करते हुए कहा आज तक ऐसा ऐतिहासिक कार्यक्रम किसी ने न सोचा था और न ही कर पाया।

जो कार्य विधायक निर्मला सप्रे ने कर दिखाया है, वह वास्तव में अद्वितीय और प्रेरणादायक है। विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों को समान महत्व देना उनके दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण है।

**490 मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान**-कार्यक्रम में जिन विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप 5 हजार की राशि प्रदान की गई। कुल मिलाकर करीब 19 लाख की राशि विधायक निर्मला सप्रे ने अपनी स्वेच्छा निधि से वितरित की। यह राशि बच्चों की आगे की पढ़ाई और करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। 700 शिक्षकों का सम्मान- शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विधानसभा क्षेत्र के लगभग 700 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अरुणोदय चौबे, गौरव सिरोठिया, शशि कैथोरिया, राजेंद्र उपाध्याय, चित्तर सिंह ठाकुर, संजय सिंह ठाकुर, पवन यादव, विशाल कुर्मी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि 10वीं और 12वीं की कक्षाएं विद्यार्थी जीवन के सबसे अहम पड़ाव होते हैं। अक्सर आर्थिक अभाव में कई मेधावी छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़ देते हैं। मेरी इच्छा है कि मेरी विधानसभा का कोई भी बच्चा सिर्फ पैसों की कमी से अपनी शिक्षा बीच में न छोड़े। यही कारण है कि मैंने स्वेच्छा निधि से विद्यार्थियों के लिए आर्थिक मदद और शिक्षकों के लिए सम्मान का यह प्रयास किया है। यह पुरस्कार नहीं, बल्कि प्रेरणा है कि मेहनत व लगन का हमेशा सम्मान होगा।

## शिक्षक दिवस पर बीईओ ने किया शिवपुरी के 2 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान



### शिक्षक शिक्षिका को ब्लॉक स्तरीय समारोह में किया सम्मानित

**शिवपुरी।** गु रु केवल अध्यापक की नहीं अपितु मार्गदर्शक व आचार्य है। आचार्य का अर्थ है आचरण से शिक्षा देना अर्थात जो आचरण से सिखाए वही आदर्श शिक्षक है। अगर शिक्षक निष्ठा के साथ पढ़ाएं और विद्यार्थी पूरी लगन और परिश्रम के साथ अध्ययन करें तो यह विद्यालय तीर्थ बन सकता है।

हमारे जिले में ऐसे कई शिक्षक आज भी मौजूद हैं जो कि छोटे.छोटे स्थान पर शिक्षा का अलख जगा कर अपना और जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। यह बात शिवपुरी के विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज निगम ने विकासखंड स्तर पर आयोजित व्याख्यान माला में प्रथम रहे शिक्षक व शिक्षिका को सम्मानित करते हुए कही। इस दौरान बीईओ मनोज निगम ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोर्ट रोड शिवपुरी के उच्च माध्यमिक शिक्षक केशव शर्मा व शासकीय सीएम राइज स्कूल की उच्च माध्यमिक शिक्षिका कीर्ति गुप्ता को सम्मानित किया गया।

### ब्लॉक स्तर पर आयोजित व्याख्यान माला में प्रथम रहे शिक्षक-शिक्षिका

शहर के माधव चौक स्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार ब्लॉक स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विकासखंड स्तर पर आयोजित हुई व्याख्यान माला में प्रथम रहे उच्च माध्यमिक शिक्षक केशव शर्मा और उच्च माध्यमिक शिक्षिका कीर्ति गुप्ता को सम्मानित किया गया। समरोह में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मनोज निगम द्वारा शिक्षक केशव शर्मा व कीर्ति शर्मा का सॉल व श्रीफ ल भेंट कर सम्मान किया गया। इसके साथ ही दोनों उत्कृष्ट शिक्षकों को बीईओ की तरफ से पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर शासकीय कन्या उमावि कोर्ट रोड स्कूल के उपप्राचार्य कौशल गौतम व लेखपाल चतुर्भुज शर्मा सहित ब्लॉक के दो दर्जन से अधिक शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों ने रखा उपवास




**शिवपुरी।** गत 5 सितम्बर 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर नेशन मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु एवं प्रदेश अध्यक्ष परमानंद देहरिया के आह्वान पर सम्पूर्ण मध्य प्रदेश मे जिला स्तर पर नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सह पुरानी पेंशन लागू करने एई अटेंडेंस व्यवस्था को समाप्त करने सहित पांच सूत्रीय मांगो को लेकर उपवास कार्यक्रम जिला अध्यक्ष भरत सिंह धाकड़ के नेतृत्व में शिवपुरी जिले के विकास खण्ड पोहरी में रखा गया। इस अवसर पर पोहरी नगर के सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया। तथा पुरानी पेंशन बहाली की मांग के आंदोलन मे सहयोग करने की अपील की। सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों ने तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने जूस पिला कर उपवास पर बैठे कर्मचारियों का उपवास खुलवाया।उपवास कार्यक्रम में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के जिलाध्यक्ष भरत सिंह धाकड़ के साथ मप्र, राज्य कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमर सिंह कुशवाह, आजाद अध्यापक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भारत मित्तल के साथ अनिल भदौरिया, महेश कुमार स्वर्णकार, राजेश चौरसिया, हेमंत भार्गव, सुनील तिवारी, गिरीश गुप्ता, मनमोहन जैन, बालकिशन भगत, रामावतार जाटव, राजेंद्र प्रसाद दोहरे, रामगोपाल सोनी सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद थे।